# यूपी में ग्रीन हाइड्रोजन बनाने की व्यापक संभावना : सीएम

**गोरखपुर (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन भविष्य की ऊर्जा है। उत्तर प्रदेश के लिए यह खुशी की बात है कि प्रचुर जल संसाधन होने के चलते यहां इसकी व्यापक संभावना है। ग्रीन हाइड्रोजन जल से बनेगी। उत्तर प्रदेश जल संसाधन के लिहाज से अत्यंत समृद्ध है। यहां कई जगहों पर दस मीटर की गहराई में पानी मिल जाता है। कई नदियां यूपी में प्रवाहित हैं। जल संसाधन की पर्याप्त उपलब्धता से उत्तर प्रदेश बड़े पैमाने पर ग्रीन एनर्जी बनाने में सामर्थ्यवान है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गोरखपुर के खानिमपुर में टोरेंट समूह के ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। टोरेंट गैस और टोरेंट पावर द्वारा स्थापित यह ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट उत्तर प्रदेश का पहला और पूरे देश का दूसरा प्लांट है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और दुनिया के सामने सबसे बड़ी चिंता जीवसृष्टि और मानव सभ्यता को बचाने की है। जीवसृष्टि और मानव सभ्यता को बचाना है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप हमें नेट जीरो की तरफ बढ़ना होगा, कार्बन उत्सर्जन न्यूनतम करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से स्थापित यह प्लांट प्रदूषण से मुक्त ऊर्जा प्राप्ति की दिशा में एक नया प्रयास है। उन्होंने कहा कि यहां टोरेंट ग्रुप का एक प्लांट पहले सीएनजी का है। अब यहां पर ग्रीन हाइड्रोजन का प्लांट लगाया गया है। अब यहां ग्रीन हाइड्रोजन और सीएनजी-पीएनजी की ब्लेंडिंग होगी। इसके बाद इसे घर-घर रसोई गैस के रूप में पहुंचाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमारे पास ऊर्जा के क्षेत्र में हाइड्रोपावर या थर्मलपावर है। प्रदेश में पवन ऊर्जा नहीं है। प्रदेश सरकार ने 22 हजार मेगावाट रिन्यूवल एनर्जी स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। अब तक इस क्षेत्र में हम 6 हजार मेगावाट तक पहुंचे हैं। इसमें वृद्धि हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। रिन्यूवल एनर्जी के लिए किसी न किसी अन्य ऊर्जा की आवश्यकता होती है। भविष्य में ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र सबसे ज्यादा व्यापक संभावना हाइड्रोजन एनर्जी में है। उन्होंने कहा कि अभी यह ऊर्जा कुछ महंगी जरूर है लेकिन आने वाले समय में मोबाइल फोन की तरह सस्ती हो जाएगी। ग्रीन एनर्जी पूरी दुनिया की तकदीर को बदल देगी।

**पूरा देश देख रहा सीएम योगी के विजन को : रवि किशन :** सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि आज पूरा देश सीएम योगी के विकास और कल्याण के विजन को देख रहा है। यूपी की कानून व्यवस्था और नीतिगत आधार पर उन्होंने ऐसा कायाकल्प किया कि देश और दुनिया के निवेशक यूपी में निवेश को तत्पर हैं। गोरखपुर में ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट ग्रीन एनर्जी की क्रांति का संवाहक बनेगा।

**यूपी को विकसित राज्य बनाने में जुटे हैं सीएम योगी : प्रदीप शुक्ल :** सहजनवा के विधायक प्रदीप शुक्ल ने कहा कि उत्तर प्रदेश को 2047 तक विकसित राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य किया जा रहा है। सीएम योगी के नेतृत्व में सहजनवा विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे, उद्योग, शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास हुआ है। **निवेशकों के लिए यूपी में रेड टेप नहीं, रेड कारपेट : जिनल मेहता :** इस अवसर पर टोरेंट समूह के निदेशक जिनल मेहता ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में निवेशकों के लिए यूपी में रेड टेप नहीं सिर्फ रेड कारपेट है। सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने शानदार प्रगति की है। उनके नेतृत्व में यूपी की कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और कारोबारी सुगमता बढ़ी है। टोरेंट ग्रुप को उत्तर प्रदेश में साढ़े आठ साल में कहीं भी लाल फीताशाही का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने बताया कि गोरखपुर में टोरेंट का ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट न सिर्फ यूपी का पहला प्लांट है बल्कि देश के सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है।कार्यक्रम में विधायक विपिन सिंह, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, कालीबाड़ी के महंत रविंद्र दास, टोरेंट गैस के निदेशक मनोज जैन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**रुद्राक्ष का पौधा रोपा मुख्यमंत्री ने :** ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रुद्राक्ष का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने प्लांट का निरीक्षण भी किया।

■ **गोरखपुर में मुख्यमंत्री ने किया यूपी के पहले ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का लोकार्पण**



खानिमपुर में टोरेन्ट समूह के ग्रीन हाईड्रोजन प्लांट का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।